## क्राइम

# 6 साल की बच्ची से स्कूल में दरिंदगी, ग्रामीणों में आक्रोश

**महानगर संवाददाता**

बाड़मेर। गुरुग्राम के रेयान स्कूल में छात्र प्रद्युम्न के साथ ज्यादती के बाद हत्या का मामला अभी ठंडा भी नहीं पड़ा कि एक और स्कूल में एक बालिका भी यौन उत्पीड़न की शिकार हो गई। बाड़मेर स्थित एक स्कूल की कक्षा दो में पढ़ने वाली छह वर्षीय छात्रा के साथ यौन उत्पीड़न हुआ। परिजनों को पता चलने पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीमें जांच में जुट गईं। जानकारी के अनुसार घटना के बाद मासूम के पिता अपनी बेटी को कंधे पर लेकर अस्पताल पहुंचे। घटना के बारे में बच्ची अभी कुछ बताने की हालत में नहीं है। अस्पताल प्रशासन को मामला यौन शोषण का लगने पर पुलिस को सूचना दी गई।

पुलिस अधीक्षक डॉ गगनदीप सिंगला का कहना है कि बच्ची छह साल की है। जांच के बाद ही पता चल पाएगा कि बच्ची के साथ ज्यादती हुई है या नहीं। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। डाक्टर इसे यूरिन इंफेक्शन बता रहे हैं।



डाक्टरों का कहना है कि यह सामान्य रोग है और किसी को भी हो सकता है। वे ज्यादती की बात से न तो इनकार कर रहे हैं और न ही पुष्टि। वे कह रहे हैं कि मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट में ही इसके बारे में सामने आएगा। उधर ग्रामीणों में घटना की जानकारी के बाद से ही आक्रोश व्याप्त है।

### यह है मामला

जानकारी के अनुसार कक्षा दो में पढ़ने वाली छह साल की बच्ची की हालत बिगड़ने पर परिजन उसे शाम को शहर के निजी अस्पताल ले गए। डॉक्टर ने जांच के बाद बच्ची के साथ कुछ गलत होने का अंदेशा जताया और पुलिस को सूचना दी। इस पर पुलिस पहुंची और उसको जिला अस्पताल में भर्ती करवाया। इस संबंध में स्कूल के प्राचार्य को भी सूचना दी गई। इसके बाद कलेक्टर शिवप्रसाद मदान नकाते एसपी डॉ. गगनदीप सिंगला, एएसपी रामेश्वरलाल मेघवाल सहित कई पुलिस अधिकारी स्कूल पहुंचे और मामले की जांच शुरू की गई। रात तीन बजे तक एसपी-कलेक्टर सहित पुलिस की टीमें मामले की पड़ताल में जुटी रहीं। इस मामले को लेकर एसपी ने बताया कि अभी तक यह साफ नहीं हुआ है कि बच्ची के साथ ज्यादती हुई है। इसको लेकर जानकारी जुटाई जा रही है।

### कलेक्टर-एसपी जिला अस्पताल पहुंचे, परिजनों और बच्ची से मिले


देर रात कलेक्टर-एसपी जिला अस्पताल पहुंचे जहां बालिका के माता-पिता से मिले। परिजनों को आश्वस्त किया कि अगर कुछ गलत हुआ तो इंसाफ जरूर मिलेगा। स्कूल में चार घंटे अधिकारियों की परेड फुटेज खंगाले स्कूल में बालिका के साथ ज्यादती की आशंका पर एसपी कलेक्टर एएसपी स्कूल प्राचार्य पुलिस इंस्पेक्टर सहित कई अधिकारी चार घंटे तक परेड करते रहे। एसपी ने स्कूल के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले और स्कूल स्टाफ से पूछताछ भी की। देर रात को एसपी, कलेक्टर, एएसपी, और सेना पुलिस स्कूल पहुंची। अलग-अलग पहलुओं को लेकर जानकारी जुटाई और पड़ताल की लेकिन देर रात तक कोई भी अधिकारी पुष्टि करने से बचता रहा।

### स्कूल बस में 35 बच्चे सवार थे

# बाइक को बचाने के प्रयास में पेड़ से टकराई, 22 बच्चे हुए घायल

**महानगर संवाददाता**

सीकर। जिले के खंडेला में शुक्रवार को बाइक को बचाने के प्रयास में एक स्कूल बस पेड़ से टकरा गई। हादसे में 22 बच्चे घायल हो गए। तीन बच्चों को ज्यादा चोटें आई हैं। बच्चों को खंडेला सीएचसी में भर्ती करवाया गया है। खंडेला में ब्राइटसन सीनियर स्कूल की एक बस बच्चों को लेकर स्कूल जा रही थी। बस में 35 बच्चे सवार थे। उदयपुरवाटी- खंडेला रोड पर बस के सामने अचानक एक बाइक आ गई। बाइक को बचाने के प्रयास में जैसे ही ड्राइवर ने बस मोड़ी वह एक पेड़ से टकरा गई जिससे एक दर्जन बच्चे घायल हो गए। तेजी से हुई टक्कर में बस आगे से क्षतिग्रस्त हो गई। हादसा होते ही बच्चे घबराकर रोने लगे। वहां से गुजर रहे वाहन चालक मदद को आए तथा बच्चों को बस से निकाला। वे अपने वाहनों से बच्चों को खंडेला सीएचसी में ले गए। लोगों ने पुलिस को भी फोन कर दिया। थोड़ी देर में पुलिस भी वहां पहुंच गई। हादसे में 19 बच्चों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। तीन बच्चों को ज्यादा चोट आई। उनका वहां इलाज किया जा रहा है।



### राम रहीम केस में कामयाबी

## राजस्थान में पकड़ा हनीप्रीत का ड्राइवर

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरुमीत राम रहीम की गिरफ्तारी के बाद पंचकुला में हुई हिंसा के बाद से गायब चल रही उसकी सबसे करीबी हनीप्रीत के ड्राइवर प्रदीप की गिरफ्तारी का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि पंचकुला हिंसा के बाद हनीप्रीत के साथ उसका विश्वस्त ड्राइवर प्रदीप भी गायब चल रहा था। हरियाणा की एसआईटी को ड्राइवर प्रदीप के राजस्थान के शेखावाटी में होने की जानकारी मिली। जानकारी के अनुसार ड्राइवर प्रदीप को राजस्थान के सीकर जिले में लक्ष्मणगढ़ तहसील में एक गांव से पकड़ा है। हालांकि राजस्थान पुलिस इस घटना की पुष्टि नहीं कर रही है। प्रदीप को गिरफ्त में लेने के बाद पुलिस उसे सिरसा लेकर रवाना हो गई। इससे दो दिन पहले यह खबरें भी मिली थी कि राम रहीम की राजदार और सबसे करीबी हनीप्रीत का मोबाइल नंबर राजस्थान के बाड़मेर जिले में लॉकेट हुआ है।

# कुएं के पानी को लेकर खूनी संघर्ष, एक की मौत, 5 घायल

**महानगर संवाददाता**

भीलवाड़ा। जिले के रायला ईरांस पंचायत के खारड़ी गांव में कुएं के पानी को लेकर दो परिवारों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। इसमें एक वृद्ध की मौत हो गई। वहीं पांच अन्य घायल हो गए। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। वहीं संघर्ष के बाद खारड़ी गांव में दहशत का माहौल है।

रायला थानाप्रभारी पूरणमल मीणा ने बताया कि ईरांस पंचायत के खारड़ी गांव के दो गुर्जर परिवारों के बीच शामलाती कुआं है। इस कुएं से फसल की सिंचाई को लेकर दोनों परिवारों में गुरुवार को कहासुनी हो गई। इसके बाद इन परिवारों में हुए लाठी-भाटा संघर्ष में एक परिवार के पांच, जबकि दूसरे परिवार का एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। इनमें मांगीलाल (75) पुत्र बख्तावर गुर्जर, इसकी पत्नी अनोप (75), इनका बेटा देवीलाल, मांगीलाल के दो भाई नानू (70) व रघुनाथ गुर्जर (65), जबकि दूसरे परिवार का हीरालाल पुत्र घीसा गुर्जर घायल हो गया। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उपचार के दौरान नानू (70) ने दम तोड़ दिया। उधर, इस घटना को लेकर गांव में दहशत है। थानाप्रभारी मीणा ने बताया कि हमला हीरा पुत्र घीसा गुर्जर सहित दस लोगों ने किया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थानाप्रभारी ने यह भी बताया कि पांच-छह महीने पहले भी इसी कुएं को लेकर इन परिवारों के बीच झगड़ा हुआ था, तब मुकदमेबाजी भी हुई थी। इस दौरान ग्राम के चारभुजा मंदिर के पुजारी रामचंद्र दास भी घायल हो गए। वे चारभुजा मंदिर में आरती करने जा रहे थे तो झगड़ रहे दोनों परिवारों में बीच-बचाव का प्रयास किया।

### फौजी की पत्नी ने लगाई फांसी

**महानगर संवाददाता**

कोटा। एक विवाहिता को अपने पति का बाजार जाने से मना करना इतना नागवार गुजरा की उसने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। कोटा के भीमगंजमंडी थाना इलाके में मिलिट्री एरिया स्थित सरकारी आवास पर विवाहिता ने फंदा लगा लिया। सूचना के बाद मोके पर पहुंची पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवाया।

दरअसल मृतका अनुपमा का पति आर्मी में जवान है। अनुपमा बिहार के पटना की रहने वाली थी। वह पति के साथ कोटा में सरकारी आवास पर रह रही थी। उसके पति ने उसे बाजार जाने से रोक दिया तो यह बात महिला को नागवार गुजरी और पति के बाहर जाने के बाद पत्नी ने घर पर फंदा लगा लिया। वहीं सूचना मिलने के बाद मोर्चरी के बाहर आर्मी के अधिकारी पहुंचे और मामले की जानकारी ली। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। मामले में जांच की जा रही है।

# परिजनों ने किया शादी से इनकार तो प्रेमी जोड़े ने खा लिया जहर

**महानगर संवाददाता**

अलवर। जिले के राजगढ़ थाना क्षेत्र के रहने वाले एक प्रेमी जोड़े ने विषाक्त पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। प्रेमी जोड़े को अचेत अवस्था में पड़ा देख ग्रामीणों ने परिजनों को सूचित किया जिसके बाद दोनों को राजगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। युवक के चाचा अमरसिंह मीणा ने बताया कि उसका भतीजा खो दरीबा निवासी तारासिंह मीणा और रामसिंहपुरा निवासी लड़की का पिछले काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था तारा सिंह के बड़े भाई की शादी रामसिंहपुरा में हुई थी जिसमें लड़की के परिजनों द्वारा शादी करवाने से इनकार कर दिया था। इसके बाद दोनों ने नाराज होकर विषाक्त पदार्थ खा लिया। शुक्रवार सुबह दोनों जने खो दरीबा के नजदीक नदी के पास अचेत अवस्था में पड़े मिले जहां ग्रामीणों ने उन्हें देखा और परिजनों को सूचित किया। गंभीर हालत के चलते दोनों को अलवर के लिए रैफर कर दिया जहां फिलहाल दोनों का इलाज चल रहा है। पूरे मामले में पुलिस की ओर से फिलहाल कोई जानकारी नहीं दी गई है।



# रिश्वत लेने के आरोप में थानेदार पर मुकदमा दर्ज

**महानगर संवाददाता**

बाड़मेर। जिले में धोखाधड़ी के एक मामले में जांच को आगे बढ़ाने के लिए थानेदार द्वारा पीड़ित से छह लाख रुपए की रिश्वत मांगने का मामला सामने आया है। इस मामले में एसीबी ने पुलिस स्टेशन बालोतरा के थानेदार व एक हवलदार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। बालोतरा थाना क्षेत्र

### धोखाधड़ी मामले की जांच करने थानेदार ने पीड़ित से मांगे छह लाख रुपए




निवासी व्यवसायी जितेन्द्र राठी ने चित्तौड़गढ़ की फर्म आदित्य सीमेंट के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज करवाया है। मामले में धीमी गति से हो रही जांच को देखते हुए जितेन्द्र राठी ने बालोतरा के थानेदार जगदीश सिहाग से मुलाकात कर जल्दी से जल्दी न्याय दिलाने की मांग की है। थानेदार जगदीश सिहाग ने धोखाधड़ी मामले की जांच को आगे बढ़ाने के बदले पीड़ित व्यवसायी जितेन्द्र राठी से 6 लाख की रुपए मांगे। थानेदार ने कहा कि यदि वह मामले की जांच को आगे बढ़ाना चाहते हैं तो उन्हें पहले यह रकम देनी ही होगी। थानेदार के इस रवैये से हैरान होकर पीड़ित ने एसीबी से गुहार लगाई। एसीबी ने पीड़ित की शिकायत के बाद मामले का सत्यापन करने की योजना बनाई। योजना के तहत आरोपी थानेदार जगदीश सिहाग ने पीड़ित से 25 हजार रुपए ले लिए इसके बाद आरोपी थानेदार को मामले में एसीबीको सूचना होने की भनक लग गई और दूसरी किस्त के रूप में उसने एक लाख 75 हजार रुपए नहीं लिए। हालांकि सत्यापन होने के चलते एसीबी ने आरोपी थानेदार जगदीश और 25 हजार रुपए लेने के मामले में शामिल एक कांस्टेबल रामाराम उर्फ रामसा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

### पहलू खान हत्याकांड

# भीम राठी और दीपक यादव की गिरफ्तारी के आदेश

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। राजस्थान के बहुचर्चित पहलू खान हत्याकांड में 6 अरोपियों को क्लीनचिट दिए जाने के बाद फिर नया मोड़ आ गया है। सीआईडी ने अब घटना से जुड़े दो नए नाम सामने रखते हुए उनकी गिरफ्तारी के आदेश जारी किए हैं। अलवर जिले के बहरोड़ में 3 अप्रेल को गोरक्षकों के हाथों पिटाई में मारे गए पहलू खान की मौत से इन दो नए लोगों का हाथ हो सकता है। सीआईडी ने भीम राठी और दीपक यादव नाम से इनकी पहचान की है और अब इनकी गिरफ्तारी के लिए फाइल बहरोड़ थाने भेजी गई है। गोरक्षकों के हाथों पिटाई में पहलू खान की हत्या के 6 आरोपियों को राजस्थान पुलिस क्लीनचिट दे चुकी है। सीबी सीआईडी को जांच में इन आरोपियों के मौके पर रहने के साक्ष्य नहीं मिले। मोबाइल लोकेशन के आधार पर इन सभी की लोकेशन वारदात के समय अन्य स्थान पर पाई गई। हालांकि मेव समाज इस जांच रिपोर्ट के खिलाफ हाईकोर्ट में जाने की तैयारी में जुट गया है। अलवर के एसपी राहुल प्रकाश के अनुसार हत्या के इन सभी छह आरोपियों के खिलाफ अब केस बंद कर दिया गया है। इन्हें जांच में बरी करने की दो वजह बताई गई हैं। पहली मोबाइल कॉल की लोकेशन की जांच इसमें बताया गया कि आरोपी वारदात के मौके पर नहीं गोशाला में थे।

